**बैठक** ▶ कलेक्टर ने शांति समिति की बैठक में त्यौहार के मद्देनजर जारी किए दिशा निर्देश

# महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी : एएसपी



**नवभारत,दमोह.** नवरात्रि पर्व को ध्यान में रखते हुए सोमवार को कलेक्ट्रेट सुनार सभाकक्ष में आयोजित जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक में कलेक्टर मिशा सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई. उन्होंने कहा कि पर्व के दौरान प्रकाश, स्वच्छता, नवरात्रि आयोजन, पंडालों की व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान दिया जाए.

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि धार्मिक आयोजन स्थल पर पर्याप्त रोशनी, साफ-सफाई, सुरक्षित प्रवेश व निकासी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए ताकि श्रद्धालु शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित वातावरण में कार्यक्रमों में भाग ले सकें. साथ ही 22 सितंबर से 2 अक्टूबर तक डीजे धीमी गति में 10 बजे के पूर्व तक ही बजाए, जिससे परेशानी का सामना किसी को नहीं करना पड़े.

### पुलिस एक्टिवा से करेगी पेट्रोलिंग

बैठक में एएसपी सुजीत सिंह भदोरिया ने बताया कि पर्व के दौरान एक्टिवा से पेट्रोलिंग करते हुए माताओं और बहनों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी. उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग सतर्क रहेगा तथा आमजन से भी सहयोग की अपेक्षा की जाती है. सभी ने एक-एक करके विस्तृत सुझाव रखे, साथ ही आग्रह करते हुए जल्द ही निराकरण करने की बात कहीं.

### इनकी रही उपस्थिति

बैठक में जिला पंचायत सीईओ प्रवीण फुलपगारे, मीना मसराम एडीएम, एसडीएम आरएल बागरी, टीआई मनीष कुमार, समाजिक संगठनों से अनुनय श्रीवास्तव, विद्यासागर पांडे, भाव सिंह, गज्जू चौबे, अखिलेश तिवारी, वरिष्ठ पत्रकार नारायण सिंह, डॉक्टर नेमा, पप्पू मलाई, रवींद्र खरे, हर्ष कुमार जैन, तहसीलदार रॉबिन जैन, शिवराम चढ़ार, दलबीर सिंह मार्को सहित प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि तथा शांति समिति के सदस्य मौजूद रहे.



# लार्वाभक्षी गम्बूसिया मछली का किया संचयन

▶ जबेरा व पथरिया ब्लॉक के विभिन्न स्थानों में मच्छरों की ब्रीडिंग रोकने का प्रयास

**नवभारत,दमोह 15 सितंबर।** मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी के निर्देशन में मलेरिया विभाग द्वारा जैवीय तरीके से मच्छरों की ब्रीडिंग को रोकने की कोशिश की जा रही है। इसके लिये मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी के निर्देशन में गम्बूसिया मछली का संचयन जिले के स्थाई व अस्थाई जल स्त्रोतों में किया जा रहा है।

इसी क्रम में जबेरा ब्लॉक के विभिन्न स्थानों के स्थाई व अस्थाई जलस्त्रोतों में लार्वाभक्षी गम्बूसिया मछली का संचयन किया गया है जिनमें जबेरा, ग्राम पुनरयाऊ, सिंग्रामपुर, भजिया, पौडीमानगढ, कुशमी, गुबरा, घाना, चोपरा, रोंड, मौसीपुरा, नयागांव, कुलुआ, बहेरिया, घाघरी व गाडाघाट व अन्य ग्रामों के स्थाई व अस्थाई जलस्त्रोतों लार्वाभक्षी गम्बूंसिया मछली का संचयन किया गया। पथरिया ब्लॉक के विभिन्न स्थानों में स्थाई व अस्थाई जलस्त्रोतों में लार्वाभक्षी गम्बूसिया मछली का संचयन किया गया है, जिनमें पथरिया ब्लॉक के पथरिया, ग्राम सदगुवां, बांसाकला, लखरौनी,रजवांस, किन्दरहो, बिलानी, करैया खैजरा, किशुनगंज व अन्य ग्रामों के स्थाई व अस्थाई जल स्त्रोत शामिल है.

## एक नजर में



### नवदुर्गा समितियों को दिए दिशा निर्देश

**नवभारत,दमोह.** नवदुर्गा उत्सव पर्व व आगामी पर्व त्यौहारों के दौरान शांति व कानून व्यवस्था बनाए रखने व सुगम यातायात व्यवस्था बनाए रखने की जानकारी को लेकर सिटी कोतवाली टीआई मनीष कुमार ने दमोह के समस्त शहर नवदुर्गा समितियों के अध्यक्षों व टीम को बुलाकर उन्हें निर्देश दिए गए. साथ ही सर्वोच्च न्यायालय द्वारा जारी गाइडलाइन, शासन-प्रशासन द्वारा जारी गाइडलाइन व शांति समिति की बैठक में दिए गए निर्देश व सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने पर चर्चा की गई.



### सुलह से किया गया 7 प्रकरणों का निराकरण

**नवभारत,दमोह ।** नगर परिषद पटेरा में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 13 सितंबर शनिवार को नगर परिषद पटेरा के सीएमओ प्रेम सिंह चौहान की देखरेख में संपन्न हुआ. लोक अदालत में विभिन्न प्रकार के कुल 36 प्रकरणों में से 7 का निराकरण समझौते के आधार पर किए गए. पक्षकारों के बीच समझौतों से 96,346 रूपये की राशि का सेटलमेंट भी हुआ. इस अवसर पर उपस्थित पक्षकारों ने लोक अदालत की प्रक्रिया की सराहना करते हुए इसे सरल और त्वरित न्याय का सशक्त माध्यम बताया. नगर परिषद पटेरा के सीएमओ द्वारा जनता से अपील की गई है कि अधिक से अधिक लोग अपने लंबित मामलों के त्वरित समाधान हेतु लोक अदालत का लाभ उठाएं.



### लेखिका संघ ने आयोजित की काव्य गोष्ठी

**नवभारत,दमोह ।** हिन्दी दिवस की पूर्व संध्या पर हिन्दी लेखिका संघ की काव्य गोष्ठी सम्पन्न हुई। यह कार्यक्रम आराधना राय के सौजन्य से आयोजित हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अर्चना राय, विशिष्ट अतिथि लता गुरु व अध्यक्ष संस्था अध्यक्ष पुष्पा चिले रहीं। संचालन डॉ. प्रेमलता नीलम ने किया। मां सरस्वती के पूजनोपरांत पद्मा तिवारी ने मां की वंदना प्रस्तुत की। पुष्पा चिले ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि हिन्दी हमारी मातृभाषा होकर भी अपने ही घर में बेचारी क्यों बनी है। राष्ट्र भाषा प्रचार समिति लगातार प्रयास कर रही है कि मातृभाषा राष्ट्र भाषा घोषित हो। आज हम सब यह संकल्प लें कि हस्ताक्षर हम हिन्दी में ही करें और परिवार में सबको हिन्दी की महत्ता बतायें।

# आदिवासी युवाओं को किया जाएगा जागरूक

▶ जयस का एक कदम गांव की ओर अभियान प्रारंभ



**नवभारत,तेंदूखेड़ा 15 सितंबर।** नौजवान युवाओं कोअधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए जय आदिवासी युवा शक्ति जयस तेंदूखेड़ा द्वारा एक कदम गांव की ओर अभियान ग्राम मुलरा बांसी से प्रारंभ किया गया.

इस अभियान का उद्देश्य आदिवासियों के अधिकारों को दिलाने के लिए नौजवान युवाओं को संवैधानिक तरीके से लड़ाई लड़ने के लिए जागरूक करना है. यह अभियान तेंदूखेड़ा ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले सभी ग्रामों में संचालित किया जाएगा. इसमें जय आदिवासी युवा शक्ति जयस के पदाधिकारी विभिन्न ग्रामों में बैठक कर विस्तारित जानकारी देंगे. जय आदिवासी युवा शक्ति जयस के प्रदेश संगठन मंत्री श्रीकांत सिंह पोरते ने बताया कि आदिवासी युवाओं को संवैधानिक जानकारी नहीं होने के कारण विभिन्न प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. इसलिए जय आदिवासी युवा शक्ति जयस के तत्वावधान में एक कदम गांव की ओर अभियान प्रारंभ किया गया है.

### संवैधानिक अधिकारों की दी जाएगी जानकारी

इस अभियान का प्रमुख उद्देश्य है कि नौजवान युवाओं को उनके संवैधानिक अधिकारों के प्रति जागरूक करना, उन्होंने बताया कि यह अभियान पूरे एक माह चलेगा. जो तेंदूखेड़ा ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले सभी ग्रामों में जाकर लोगों को जागरूक करेगा. इस अभियान में जुड़कर नौजवान युवा सरल भाषा में अपने हक अधिकार की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं.


### इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर गिरधारी सिंह परस्ते जिला उपाध्यक्ष, गोलू पोर्ते महासचिव, साकेत मरकाम, राकेश मरकाम, गुलाब पंडा, हक्कू सींग, सतीश तेकाम, पंचम दिवार, राजाराम मुकद्दम, देव सींग, गुड्डा सींग, सुमेद सींग, प्रदीप सिंह,रमेश वावा, सुरेश दिवार, प्रमोद मठया, महेश सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित थे.



# भाटिया में आंगनबाड़ी भवन का निर्माण शुरु

**कुम्हारी नवभारत 15 सितंबर।** ग्राम पंचायत धनगुवा कालाकोट में भाटिया गांव में आंगनबाड़ी भवन का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। भवन पंचायत एजेंसी के माध्यम से लगभग 11 लाख रुपए की लागत से बनाया जा रहा है। सरपंच प्रतिनिधि जाहर सिंह यादव ने बताया कि टोला में निवासरत जनसंख्या करीब 400 हैं। आम जनता को सुविधा मिले यही प्रयास जारी रहेगा। यह भाटिया टोला के लिए बड़ी सौगात है। पहले आंगनबाड़ी भवन का निर्माण विगत कई वर्षों की बाद हो रहा है। आदिवासी टोला में वर्तमान में किराए के भवन में आंगनबाड़ी संचालित हो रही है।



# गोवर्धन पर्वत पर रसराज महाराज ने किया गौ पूजन

**नवभारत,दमोह 15 सितंबर।** बूंदाबहु मंदिर में आयोजित गौ-महिमा महोत्सव श्रीमद् भागवत कथा के भव्य आयोजन के दौरान अंतिम दिवस श्री धाम वृंदावन से के संत राजेंद्रदास महाराज के कृपा पात्र शिष्य रसराज महराज श्री जागेश्वरनाथ धाम बांदकपुर मंदिर पहुंचे. भगवान भोलेनाथ का पूजन अभिषेक किया.

इसके उपरांत कार्यालय में मंदिर प्रबंधक रामकृपाल पाठक, केदारनाथ दुबे, कुंजीलाल डिम्हा व संस्कृत विद्यालय के वेदपाठी बटुक ब्राह्मणों ने स्वातिकी वाचन के साथ महराज का स्वागत किया. इसके उपरांत गोवर्धन पर्वत पहुंचकर गौ-माता का पूजन कर पौधा रोपण किया.

# 8 पेटी अवैध शराब जब्त, 3 गिरफ्तार

नवभारत,दमोह 15 सितंबर। पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी के निर्देशन में अति. पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदौरिया व एसडीओपी पथरिया प्रिया सिंधी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी हिण्डोरिया धर्मेंद्र गुर्जर के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा 8 पेटी अवैध शराब जब्त कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। थाना हिण्डोरिया के आरोपी लियाकत उर्फ लादेन खान, सरफराज कैय्युम खान व बद्दू उर्फ अरमान खान के कब्जे से हिण्डोरिया तिराहा पिपरिया जाने वाला मार्ग में मोटरसाईकिल पर रखी 8 पेटी (396 पाव) अवैध शराब जब्त की और आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश कर जेल भेजा गया.



# रक्तदाता राम मिश्रा को किया गया सम्मानित

**नवभारत,दमोह।** नीमच में आयोजित नेशनल थैलेसीमिया सिकल सेल कॉन्फ्रेंस में शामिल हुई संस्थाओं का सम्मान किया गया. इसमें से रक्तदान जीवनदान सेवा समिति दमोह के पं. राम मिश्रा को सम्मानित किया गया. उन्होंने 39 बार रक्तदान किया और जरुरत मरीजों की मदद की। इस उपलब्धि पर पं. लक्ष्मीकांत पौराणिक, आशीष बंटी गुप्ता, विनय विश्वकर्मा, हिमांशु गुड्डा ताम्रकार, अक्षय दीक्षित ने हर्ष व्यक्त किया.

# करंट लगने से युवक की मौत

**नवभारत,दमोह 15 सितंबर।** बनवार चौकी क्षेत्र में खेत पर कार्य करते समय करंट लगने से एक युवक की मौत हो गई. पुलिस ने बताया कि ग्राम बनवार निवासी कलू उर्फकल्ला पिता रामचरण रजक की रविवार दोपहर खेत पर कार्य करते समय विद्युत करंट लगने से मौके पर मौत हो गई. पुलिस द्वारा शव को जिला चिकित्सालय के शवगृह में सुरक्षित रखवा दिया गया है. सोमवार सुबह चौकी प्रभारी मनीष यादव द्वारा पंचनामा कार्यवाही उपरांत शव का पीएम होने के बाद परिजनों के सुपुर्द किया गया।

# प्रांजल को बीटेक की डिग्री से किया सम्मानित

**नवभारत,दमोह 15 सितंबर ।** इंजीनियर दिवस पर दमोह शहर स्थित टंडन बगीचा निवासी प्रांजल असाटी को विश्वेश्वरैया राष्ट्रीय तकनीकी संस्थान (वीएनआईटी) नागपुर, महाराष्ट्र में 23वां दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया. इसमें प्रांजल को



बीटेक की डिग्री से सम्मानित किया गया. बता दें कि प्रांजल टंडन बगीचा निवासी है और आपकी माता असाटी समाज की पूर्व अध्यक्ष है और दलाल परिवार के स्व. जेपी दलाल के पोते हैं. आपने संपूर्ण जिले और समाज को गौरवान्वित किया है.


24 घंटे उपलब्ध
एयरकूल्ड एम्बुलेंस सेवा
ऑक्सीजन नर्सिंग सेवा के साथ
सबसे कम दामों में
प्रो.हजारी जी, दमोह 9826503853, 9589761053, 8878815694

24/7 Emergency Services
ऑक्सीजन के साथ AC एम्बुलेन्स सेवा 24 घंटे
प्राइवेट एम्बुलेन्स सर्विस
संपर्क- जिला अस्पताल, दमोह (म.प्र.) प्रो.आमिर खान 9131747102, 8435445116

AC/नॉन AC
ऑक्सीजन AC तथा NON AC इमरजेंसी किट उपलब्ध है
24/7 Emergency Services
प्राईवेट एम्बुलेंस सर्विस
एम्बुलेंस बुकिंग हेतु संपर्क करें 7869820383
प्रो.गिरधारी अढ्या पता : अस्पताल चौराहा, दमोह (म.प्र.)

दुबे एम्बुलेंस सर्विस
• आईस बॉक्स • सक्शन मशीन
• वेंटीलेटर • मॉनीटर • अंबू बैग
24/7 SERVICE
ऑक्सीजन AC तथा इमरजेंसी किट उपलब्ध है
बुकिंग हेतु AC एवं नॉन AC 7999325030, 9630632317 9981861894, 8770169798


**चेतावनी** ▶ विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल ने गरबा महोत्सव पर होने वाले कार्यक्रमों को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

# सनातन संस्कृति के साथ छेड़छाड़ बर्दाश्त नहीं की जाएगी



**नवभारत,दमोह 15 सितंबर।** 22 सितंबर से नवरात्रि का पावन पर्व शुरू होने वाला है. देवी उपासना पर्व की मर्यादा, सुरक्षा और सांस्कृतिक गरिमा बनाए रखने के लिए मुख्य बिंदुओं पर विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है।

ज्ञापन में कहा गया कि गरबा आयोजन की समय सीमा निर्धारित की जाए. गरबा व देवी पंडालों में प्रवेश केवल हिंदू श्रद्धालुओं तक सीमित हो, विधर्मी व संदिग्ध तत्वों का प्रवेश प्रतिबंधित किया जाए. यदि किसी विद्यालय में गरबा का आयोजन किया जाता है तो उसमें शामिल छात्र-छात्राओं की सुरक्षा की पूर्ण जिम्मेदारी विद्यालय प्रबंधन समिति की होगी. आयोजनों में अश्लील व फिल्मी गानों का प्रयोग निश्चित हो, केवल पारंपरिक व भक्ति संगीत का उपयोग किया जाए.

### पारंपरिक संस्कृति के अनुसार हो आयोजन

ज्ञापन में कहा गया कि पंडालों व आयोजनों का स्वरूप पूर्णता पारंपरिक संस्कृति व अंधानुकरण या थोपने का प्रयास बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. संगठन ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि इन बिंदुओं का पालन नहीं किया गया और सनातन संस्कृति के साथ छेड़छाड़ किया गया तो विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल आंदोलन के लिए विवश होगा, जिसकी जवाबदारी शासन प्रशासन व गरबा आयोजन समिति की होगी.

### मंदिरों के आसपास पुलिस गश्त बढ़ाई जाए

देवी उपासना के पर्व (नवरात्रि) के अवसर पर, गरबा आयोजित में नृत्य में किसी भी प्रकार की अश्लीलता, फूहड़ता न हो, भक्तिमय गाने (वातावरण) पर ही गरबा हो. इस उत्सव (गरबा) में कोई भी विधर्मी, जेहादी प्रवेश न करें. धार्मिक स्थलों व मंदिरों के आसपास पुलिस गश्त बढ़ाई जाए. शासन के द्वारा भी स्पष्ट निर्देश गरबा आयोजकों दिए जाएं. माताओं/बहिनों और बेटियों पर कुदृष्टि रखने वाले जेहादियों पर, त्वरित व सख्त कार्यवाही सुनिश्चित हो अन्यथा विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ता अनधिकृत प्रवेश करने वालों को रोकने के लिए बाध्य होंगे.